प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 25.04.2024

थाना लिंकरोड पुलिस टीम द्वारा लूट व चोरी करने वाले 02 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 01 मोटर साइकिल व लूटी हुई पीली धातु की चैन बेचकर प्राप्त 3400/- रूपये बरामद ।

दिनांक 17.04.2024 को वादी संदीप कुमार चौधरी पुत्र श्री राम सिंह निवासी- सी 106 प्रथम तल सी ब्लाक बृज विहार गाजियाबाद ने तहरीर दी कि दिनांक 15.04.2024 को मेरी बाइक मेरे मकान के बाहर खड़ी थी जब सुबह देखा तो अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरी बाइक को चोरी कर लिया है । दिनांक 02.04.2024 को वादिया ने तहरीर दी कि जब मै मंदिर से अपने घर लौट रही थी तो अज्ञात व्यक्ति मोटर साइकिल पर सवार होकर आए और मेरे गले से सोने की चैन लेकर भाग गये । तत्काल थाना लिंकरोड पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर सीसीटीबी फुटेज मैनुअल इनपुट, चेकिंग के दौरान व मुखबिर की सूचना के आधार पर दिनांक 25.04.2024 को उक्त घटना में संलिप्त 02 अभियुक्त 1. तरुण राठौर पुत्र श्री चन्द राठौर निवासी- अम्बेडकर वाली गली ग्राम कडकड माडल थाना लिकरोड कमिश्नरेट गाजियाबाद उम्र करीब 30 वर्ष, 2. सूरज पुत्र किरन पाल निवासी- अम्बेडकर वाली गली ग्राम कडकड माडल थाना लिंकरोड कमिश्नरेट गाजियाबाद उम्र करीब 22 वर्ष को रामलीला ग्राउंड के पास कडकड माडल से गिरफ्तार किया गया । जिनके कब्जे से चोरी की 01मोटर साइकिल व लूटी हुई पीली धातु की चैन बेचकर प्राप्त 3400/- रूपये बरामद हुए । अभियुक्त उपरोक्त के विरुध्द आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

पूछताछ का विवरण:- पूछताछ पर अभियुक्तगणों द्वारा बताया गया कि हम दोनो नशा करने के आदी है तथा हम इस लत को पूरा करने के लिए मोटर साइकिल चोरी करना व चैन छीनते है । और हमने यह मोटर साइकिल ब्रज विहार से कुछ समय पहले चोरी की थी तथा और अधिक सख्ती से पूछने पर बताया कि मोटर साइकिल से कुछ समय पहले हम दोनो ने मिलकर बी ब्लाक ब्रज विहार में मन्दिर से अकले जाते समय एक महिला के गले से चैन भी छीन ली थी जिसे हम दोनो ने दिल्ली में आते जाते व्यक्ति को 24200/- रुपये की बेच दी थी वह रुपये हम दोनो ने आपस में आधे आधे बांट लिये थे । जो हम दोनो से बरामद हुए हैं । उन्ही रुपयों में से यह रुपये शेष बचे है । और बाकी रुपये हम दोनो ने खर्च कर दिये है । रुपयो की जरुरत होने पर आज हम दोनो इस चोरी की गयी मोटर साइकिल को बेचने जा रहे थे ।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता:-

1. तरुण राठौर पुत्र श्री चन्द राठौर नि0 अम्बेडकर वाली गली ग्राम कडकड माडल थाना लिकरोड कमि0 गाजियाबाद उम्र करीब 30 वर्ष ।
2. सूरज पुत्र किरन पाल नि0 अम्बेडकर वाली गली ग्राम कडकड माडल थाना लिंकरोड कमि0 गाजियाबाद उम्र करीब 22 वर्ष ।

बरामदगी का विवरण:-

कब्जे से चोरी की 01मोटर साइकिल व लूटी हुई पीली धातु की चैन बेचकर प्राप्त 3400/- रूपये बरामद।

अभियुक्तगणों का आपराधिक इतिहासः-

अभियुक्त तरूण राठौर के विरूद्ध थाना लिंकरोड पर एनडीपीएस एक्ट का 01 अभियोग पंजीकृत है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

थाना लिंकरोड पुलिस टीम।

थाना कौशाम्बी पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध 180 ग्राम नशीला पाउडर (एल्प्राजोलम) बरामद।

दिनांक 25.04.2024 को थाना कौशांबी पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर एक अभियुक्त विशाल उडिया पुत्र स्व0 रमेश कुमार निवासी 5 बी एलआईजी डीडीए फ्लैट झिलमिल थाना विवेक विहार शाहदरा दिल्ली उम्र- 43 वर्ष को यशोदा हॉस्पिटल के सामने मैट्रो लाइन के नीचे से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से अवैध 180 ग्राम नशीला पाउडर (एल्प्राजोलम) बरामद हुआ। अभियुक्त उपरोक्त के विरुध्द सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

अभियुक्त का नाम व पताः

विशाल उडिया पुत्र स्व0 रमेश कुमार निवासी 5बी एलआईजी डीडीए फ्लैट झिलमिल थाना विवेक विहार शाहदरा दिल्ली उम्र- 43 वर्ष।

बरामदगी का विवरण –

अवैध 180 ग्राम नशीला पाउडर (अल्प्राजोलम) बरामद।

अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः

अभियुक्त उपरोक्त के विरुध्द कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर में लूट के 06 अभियोग व हत्या के प्रयास का 01 अभियोग पंजीकृत है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः

थाना कौशाम्बी पुलिस टीम।

थाना टीला मोड़ पुलिस टीम द्वारा 01 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का 01 मोबाइल फोन बरामद।

दिनांक 25.04.2024 को थाना टीला मोड़ पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर मोबाइल फोन चोरी करने वाला 01 शातिर अभियुक्त सद्दाम पुत्र अली हुसैन निवासी म0न0 120,ओ ब्लाक, गली न0 03 सुन्दर नगरी दिल्ली हाल पता निकट फातिमा मस्जिद के पास इकबाल कालोनी गरिमा गार्डन कमिश्नरेट गाजियाबाद को सफेद गेट भोपुरा के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से चोरी का

01 मोबाइल फोन बरामद हुआ। अभियुक्त उपरोक्त से विरुध्द सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरणः-

अभियुक्त द्वारा पूछने पर बताया गया कि ये मोबाइल मैने म0नं0 57 तुलसी निकेतन से चुराया था। मै नशे का आदी हूँ मैने अपने नशे की पूर्ति के लिए यह मोबाइल चुराया था।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

सद्दाम पुत्र अली हुसैन निवासी म0न0 120, ओ ब्लाक, गली न0 03 सुन्दर नगरी दिल्ली हाल पता निकट फातिमा मस्जिद के पास इकबाल कालोनी गरिमा गार्डन थाना टीलामोड़ कमिश्नरेट गाजियाबाद।

बरामदगी का विवरण –

कब्जे से चोरी का 01 मोबाइल फोन (ओपो A59 5G) बरामद।

अभियुक्त का अपराधिक इतिहासः-

अभियुक्त उपरोक्त के विरुध्द थाना टीला मोड़ , खोड़ा व साहिबाबाद पर चोरी ,आयुध अधिनियम व शराब के 08 अभियोग पंजीकृत है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

थाना टीला मोड़ पुलिस टीम।